संख्या-332/2022/599रासनि/23-1-22/001-16आरएसएन/2022टीसी-2

प्रेषक,

राजेश प्रताप सिंह,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-1 लखनऊ::दिनांक 10 अक्टूबर, 2022

विषय- वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुदान सं0-58 लेखाशीर्षक-5054 के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से विभिन्न जनपदों के 26 मार्गों के स्वीकृत एवं चालू कार्यों हेतु अवशेष धनराशि का आवंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-1637/CE-HQ-1/RSN 5054/BAS/2022-23, दिनांक 23.09.2022 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निम्न विवरणानुसार विभिन्न जनपदों के 26 मार्गों के स्वीकृत कार्यों हेतु अवशेष धनराशि के सापेक्ष कुल रू0 2,88,69,000/- (रूपये दो करोड़ अट्ठासी लाख उनहत्तर हजार मात्र) की धनराशि चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुदान सं0-58 के लेखाशीर्षक-5054 के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से स्वीकृत/निर्गत किये जाने की निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्रम सं0	खण्ड/ जनपद का नाम	मार्ग का नाम	शासनादेश संख्या	स्वीकृत / मूल लागत	अब तक शुद्ध आवंटित धनराशि	बचत	अवशेष धनराशि	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	नि.ख.-1 सिद्धार्थनगर	रमवापुर जगतराम से बेतनार आबादी वाया केशवाजोत सम्पर्क मार्ग।	74/2021/456 रासनि/23-1-21-102 रासनि/20	217.87	56.14	0.47	161.26	25.00
2	नि.ख.-1 सिद्धार्थनगर	एफ.एन.बी.एस.(एन.एच.-730 से झरूआ की बसावट सरकारी कृषि फार्म सम्पर्क मार्ग	108/2021/560 रासनि/23-1-21-68 रासनि/20	32.19	22.95	4.00	5.24	5.24
3	नि.ख.-1 सिद्धार्थनगर	एफ.एन.बी.एस.(एन.एच.-730 से किबातुलडिहवा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य	108/2021/560 रासनि/23-1-21-68 रासनि/20	25.45	18.48	2.50	4.47	4.47
4	नि.ख.-1 सिद्धार्थनगर	तुलसियापुर भुतहवा मार्ग पर तालकुण्डा मार्ग से सधुवा नगर सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य	108/2021/560 रासनि/23-1-21-68 रासनि/20	22.38	16.10	2.50	3.78	3.78
5	नि.ख.-1 सिद्धार्थनगर	परसा दीवान मार्ग के किमी0-2 कोड़ारी डीह सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य	108/2021/560 रासनि/23-1-21-68 रासनि/20	19.31	13.52	2.00	3.79	3.79
6	नि.ख.-1 सिद्धार्थनगर	परसा दीवान मार्ग के किमी0-2 यादवडीह सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य	108/2021/560 रासनि/23-1-21-68 रासनि/20	19.34	13.99	2.00	3.35	3.35
7	नि.ख.-1 सिद्धार्थनगर	तुलसियापुर बगही नेपाल सीमा मार्ग के किमी-3 से मानपुर डिहवा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	115/2021/596 रासनि/23-1-21-115 रासनि/20	48.36	33.85	3.00	11.51	5.75
8	नि.ख.-1 सिद्धार्थनगर	परसा दीवान मार्ग के किमी-2 पूरबडिहवा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	115/2021/596 रासनि/23-1-21-115 रासनि/20	33.54	27.01	3.00	3.53	3.53
9	नि.ख.-1 सिद्धार्थनगर	झकहिया कठेला किमी-6 से पंचमडीह उर्फ जालीडीह सम्पर्क मार्ग का	115/2021/596 रासनि/23-1-21-	49.54	40.11	4.00	5.43	5.43

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

क्रम सं0	खण्ड/ जनपद का नाम	मार्ग का नाम	शासनादेश संख्या	स्वीकृत / मूल लागत	अब तक शुद्ध आवंटित धनराशि	बचत	अवशेष धनराशि	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
		निर्माण कार्य।	115 रासनि/20					
10	नि.ख.-1 सिद्धार्थनगर	झकहिया कठेला किमी-8 से तबीना उर्फ तकियवा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	115/2021/596 रासनि/23-1-21-115 रासनि/20	97.80	26.9	6.00	64.90	17.78
11	नि.ख.-1 सिद्धार्थनगर	मोहनकोला हल्लौरा पर 3 गुणे 10 मी0 लघु सेतु के दोनो तरफ अतिरिक्त पहुँच मार्ग।	115/2021/596 रासनि/23-1-21-115 रासनि/20	114.57	86.66	5.50	22.41	8.34
12	नि.ख.-1 सिद्धार्थनगर	खैरा झुगहवा पर 3 गुणे 10 मी0 लघु सेतु के दोनो तरफ अतिरिक्त पहुँच मार्ग का कार्य	115/2021/596 रासनि/23-1-21-115 रासनि/20	153.24	114.59	8.00	30.65	7.66
13	नि.ख.-1 सिद्धार्थनगर	जिगना ठाकुर से इमिलिया खादर सम्पर्क मार्ग।	115/2021/596 रासनि/23-1-21-115 रासनि/20	176.95	58.66	8.50	109.79	14.17
14	नि.ख.-1 सिद्धार्थनगर	संग्रामपुर सिसवा बुजुर्ग सम्पर्क मार्ग से नहर पटरी होते हुये सुहिया सम्पर्क मार्ग	115/2021/596 रासनि/23-1-21-115 रासनि/20	81.97	22.54	5.00	54.43	10.82
15	नि.ख.-1 सिद्धार्थनगर	डुमरियागंज डेबरुआ मार्ग से सेमरी नहर होते हुये खम्हरिया पुल तक सम्पर्क मार्ग	115/2021/596 रासनि/23-1-21-115 रासनि/20	114.22	31.41	5.50	77.31	15.81
16	नि.ख.-1 सिद्धार्थनगर	भरौली कटवलिया की बसावट चुईटिहवा सम्पर्क मार्ग का निर्माण काय	116/2021/637 रासनि/23-1-21-117 रासनि/20	86.44	23.77	5.50	57.17	11.29
17	नि.ख.-1 सिद्धार्थनगर	झकहिया कठेला मधवापुर कला रतन (अन्य जिला मार्ग) मार्ग के किमी-13 से धोबहा होते हुए चन्नरडीह सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	116/2021/637 रासनि/23-1-21-117 रासनि/20	113.56	43.73	7.00	62.83	11.35
18	नि.ख.-1 सिद्धार्थनगर	मदरहवा पक्की सडक से मल्लाडीह सम्पक माग्र का निर्माण कार्य	116/2021/637 रासनि/23-1-21-117 रासनि/20	140.67	38.68	6.50	95.49	15.08
19	नि.ख.-1 सिद्धार्थनगर	महादेव घुरहू पकड़ी पठान मार्ग के किमी-8 से पिपरी लंगड़ी डीह तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	116/2021/637 रासनि/23-1-21-117 रासनि/20	125.76	34.58	6.00	85.18	14.29
20	नि.ख.-1 सिद्धार्थनगर	सरोथर कठौतिया मार्ग से माफियाडीह सम्पर्क मार्ग।	116/2021/637 रासनि/23-1-21-117 रासनि/20	85.65	23.55	4.50	57.60	9.52
21	नि.ख.-1 सिद्धार्थनगर	गड़ावर नहर पटरी से मधुकरपुर के बीच मिसिंग लिंक	34/2022/1367 रासनि/23-1-21-111 रासनि/20 टी0सी0	351.94	35.19	5.00	311.75	17.59
22	नि.ख.-1 सिद्धार्थनगर	हसुड़ी औसानपुर पी0डब्ल्0डी0 रोड से सुहेलवा के बीच मिसिंग लिंक	34/2022/1367 रासनि/23-1-21-111 रासनि/20 टी0सी0	177.90	17.79	3.00	157.11	17.79
23	नि.ख.-1 सिद्धार्थनगर	हसुड़ी औसानपुर पी0डब्ल्0डी0 रोड से पचमरी के बीच मिसिंग लिंक	34/2022/1367 रासनि/23-1-21-111 रासनि/20 टी0सी0	99.01	9.9	2.00	87.11	9.90
24	प्रा.ख. सिद्धार्थनगर	झण्डेनगर सम्पर्क मार्ग।	115/2021/596 रासनि/23-1-21-115 रासनि/20	139.99	108.5	8.82	22.67	11.33
25	प्रा.ख. सिद्धार्थनगर	चन्दनपुर सम्पर्क मार्ग।	115/2021/596 रासनि/23-1-21-115 रासनि/20	142.99	100.10	6.70	36.19	14.29
26	प्रा.ख. बस्ती	परसा परशुरामपुर से कुसमौर घाट (चै0 0000 से 6.275 किमी) के चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।	157/2021/231 रासनि/23-1-21-46 रासनि/20 टीसी	853.59	426.79	0.00	426.8	21.34
							कुल योग-	288.69

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(1) प्रश्नगत कार्यों हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च, 2023 तक कर लिया जाय। कार्य सम्पादन के अनुरूप उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को दिनांक 30 अप्रैल, 2023 तक उपलब्ध करा दिया जाय। यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि इन कार्यों के लिए किसी अन्य आदेश से स्वीकृति/आवंटन तो प्राप्त नहीं है और यदि दोहरी स्वीकृति पायी जाय तो उस स्वीकृति को निरस्त कराते हुए संबंधित कार्य पर आवंटित धनराशि शासन को तत्काल समर्पित की जाय ।

(2) लेबर सेस की एक प्रतिशत धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का नियमानुसार भुगतान किया जायेगा।

(3) प्रश्नगत कार्यों हेतु आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय, वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों, स्थायी आदेशों आदि तथा राज्य सड़क निधि नियमावली में किये गये प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाय तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्यों हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में न किया जाय ।

(4) राज्य सड़क निधि हेतु गठित राज्य सड़क प्रबंधन समिति द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं/प्रयोजनों के लिये ही स्वीकृत/आवंटित धनराशि का उपयोग किया जायेगा । यह सुनिश्चित किया जाय कि जिन प्रयोजनों हेतु राज्य सड़क निधि से धनराशि स्वीकृत हुई है वह उसी प्रयोजन हेतु व्यय की गयी है ।

(5) समस्त कार्य निर्धारित व अनुमोदित मानकों एवं विशिष्टियों के अनुरूप सम्पदित कराये जाये ताकि उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। यदि किसी अपरिहार्य परिस्थितिवश निर्धारित मानकों/विशिष्टियों में परिवर्तन किया जाना अपेक्षित हो तो, उक्त परिवर्तन/विचलन शासन की पूर्वानुमति से ही किया जाय ।

(6) इस निधि से स्वीकृत कार्य की वित्तीय/भौतिक प्रगति का सक्षम स्तर पर सम्यक निरीक्षण/सत्यापन कर प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाय ।

(7) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक 07 जून 2022 का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रू0 2,88,69,000/- (रूपये दो करोड़ अट्ठासी लाख उनहत्तर हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-58 लेखाशीर्षक 5054043375800 राज्य सड़क निधि से सड़कों का निर्माण/सुदृढ़ीकरण/चौड़ीकरण मानक मद 24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा ।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक 07 जून 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

राजेश प्रताप सिंह
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या-332/2022/599रासनि(1)/23-1-22/001-16आरएसएन/2022टीसी-2, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0मंत्री जी/मा0राज्य मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
3- जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, संबंधित जनपद।
4- मुख्य अभियंता(मुख्यालय-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।
5- मुख्य अभियंता, संबंधित क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग।
6- संबंधित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
8- वेब मास्टर, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ ।
9- वेब अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
10- लोक निर्माण अनुभाग-10/वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8, उ0प्र0शासन।
11- नोडल अधिकारी (आनलाइन बजट एलॉटमेंट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
12- गार्ड फाइल

आज्ञा से,

राजेश प्रताप सिंह

उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।